दैनिक नईदुनिया
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित
वर्ष- 78
(भोपाल: वर्ष 40 अंक 142, पृष्ठ 12)
सोमवार 21 अप्रैल 2025
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 40.6° | 24.2° |
| इंदौर | 39.4° | 23.6° |
| जबलपुर | 40.4° | 25.8° |
| ग्वालियर | 41.2° | 24.5° |


**राजधानी...** जावद में सांदीपनि विद्यालय भवन का ...

**खेल...** बीसीए अध्यक्ष ने वैभव सूर्यवंशी की बल्लेबाजी ...

**व्यापार...** बीते वित्त वर्ष वाहन निर्यात 19 फीसदी बढ़कर ...

**देश-विदेश...** आरपीपी के प्रदर्शन से पहले पूर्व ...

www.naiduniaonline.com

# मुख्यमंत्री ने दो चीतों को गाँधी सागर अभयारण्य के खुले बाड़े में छोड़ा

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विश्व का सबसे सफल चीता पुनर्वास अभियान

भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मालवा क्षेत्र के मंदसौर में गाँधी सागर अभयारण्य की भूमि पर प्रभास और पावक चीतों को खुले बाड़े में छोड़ा। चीतों के फर्राटे के साथ 20 अप्रैल, रविवार का दिन मालवा की भूमि के लिए ऐतिहासिक दिवस के रूप मे दर्ज हो गया।**

देश में पहली बार अंतर्राज्यीय स्तर पर चीतों का पुनर्वास हुआ है। यह दोनों चीते आज श्योपुर कूनो से मंदसौर के गांधी सागर अभयारण्य पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह पूर्वक इन चीतों को खुले बाड़े में छोड़ा। यहां पर्याप्त संख्या में चीतल चिंकारा और छोटे जानवर हैं। दोनों 6 वर्षीय युवा चीते कूनो राष्ट्रीय उद्यान में खुले में ही घूम कर शिकार कर रहे थे। इसलिए इन्हें सीधे खुले बाड़े में छोड़ा गया है।डॉ. यादव ने कहा कि चीता प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में सबसे अधिक सफल मध्यप्रदेश में हुआ है। पुनर्वास के बाद श्योपुर के कूनो में दुनिया में सबसे अधिक चीतों का जन्म हुआ है। मालवा की भूमि पर हम चीतों का स्वागत करते हैं। चीतों के आने से मंदसौर और नीमच जिलों मे पर्यटन की संभावनाओं को पंख लग जायेंगे। राजस्थान और मध्यप्रदेश के सीमावर्ती जिलों में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय लोगों को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे, उनके जीवन स्तर में भी सुधार होगा। पर्यटकों की संख्या बढ़ने से अर्थव्यवस्था में भी सुधार होगा। वन्य पर्यावरण की दृष्टि से मध्यप्रदेश की धरा पर चीतों का सफलतापूर्वक पुनर्वास किया गया है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक अनिरुद्ध मारू, हरदीप सिंह डंग, पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्य नारायण जटिया, अपर मुख्य सचिव वन अशोक वर्नवाल, संभाग आयुक्त संजय गुप्ता और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी असीम श्रीवास्तव के साथ बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क से गांधीसागर अभयारण्य के लिए दो नर चीते प्रभास और पावक को 20 अप्रैल, रविवार की सुबह रवाना किया गया था। सीसीएफ उत्तम कुमार शर्मा और डॉक्टर ओंकार अचल सहित 20 लोगों की टीम चीतों के साथ गाँधी सागर अभयारण्य पहुंची। यह टीम गांधी सागर में 7 दिन रुकेगी। इस दौरान वह स्थानीय स्टाफ को चीतों की देख-रेख के गुर सिखाएगी। इन चीतों को अलग-अलग वाहनों में लाया गया है, जो श्योपुर, बारां, कोटा और झालावाड़ होते हुए मंदसौर पहुंचे। वाहन और पिंजरे को कूनो नेशनल पार्क में सैनिटाइज किया गया था। गांधी सागर अभयारण्य में 37 किमी का एक बाड़ा बनाया गया है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कूनो राष्ट्रीय उद्यान से लाए गए दो चीतों को रविवार को गांधी सागर अभयारण्य के खुले बाड़े में छोड़ा।

## खास-खबरें

### संस्कृति पर दिए मोदी के भाषणों को पुस्तक में संकलित किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में 2015 के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिए गए भाषण से लेकर पिछले साल वाराणसी में एक नेत्र अस्पताल के उद्घाटन समारोह में दिए गए भाषण तक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विभिन्न सांस्कृतिक विषयों पर दिए गए 34 भाषणों को अब एक पुस्तक में संकलित किया गया है। संस्कृति का पांचवां अध्याय शीर्षक वाले इस पुस्तक में पिछले 10 वर्षों में विभिन्न अवसरों पर मोदी द्वारा भारतीय संस्कृति, परंपराओं, आध्यात्मिक मूल्यों व विरासत पर दिए गए भाषणों का उल्लेख है। जूना अखाड़े के प्रमुख आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने शुक्रवार शाम को राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश की उपस्थिति में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में इस पुस्तक का विमोचन किया।

### भाजपा ने शुरू किया वक्फ सुधार जन जागरूकता अभियान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वक्फ कानून को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए भारतीय जनता पार्टी एक्शन मोड में है। भाजपा ने इस कानून की खूबियों को मुस्लिम समाज तक पहुंचाने के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान शुरू करने का फैसला किया है। पार्टी ने इस पहल को वक्फ सुधार जन जागरूकता अभियान नाम दिया है, जो 20 अप्रैल से लेकर 5 मई तक चलेगा। जेपी नड्डा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह कानून पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के उद्देश्य से लाया गया है और इसका उद्देश्य वक्फ संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करना है। कार्यशाला के बाद तय किया गया कि प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं को विभिन्न राज्यों में भेजा जाएगा। जहां (शेष पेज 2 पर)

## हिमाचल सरकार कांग्रेस की सरकारों में सबसे भ्रष्टः नड्डा

धर्मशाला (एजेंसी)।



भाजपा के प्रमुख जेपी नड्डा ने रविवार को आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश सरकार देश की कांग्रेस सरकारों में सबसे भ्रष्ट है। धर्मशाला में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने नेशनल हेराल्ड को करोड़ों रुपये के विज्ञापन दिए हैं, जिसका प्रकाशन तक नहीं हो रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि हिमाचल सरकार देश की कांग्रेस सरकारों में सबसे भ्रष्ट है और वित्तीय कुप्रबंधन में सबसे ऊपर है। नड्डा ने दावा किया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार राज्य में यह झूठा विमर्श खड़ा करने की कोशिश कर रही है कि केंद्र उसे धन नहीं दे रहा है और उसे हिमाचल की कोई चिंता नहीं है। नड्डा ने कहा कि अगर आप सरकार नहीं चला सकते, तो छोड़ दीजिए, लेकिन दूसरों को दोष मत दीजिए। हिमाचल प्रदेश से संबंध रखने वाले नड्डा ने राज्य में अपनी वापसी के बारे में अटकलों को विराम देते हुए कहा, मैं एक जिम्मेदार पद पर हूं और राज्य में वापस आने की कोई संभावना नहीं है। एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष का चुनाव जल्द ही किया जाएगा। नड्डा ने कहा कि आकांक्षी जिले चंबा ने शिक्षा, बुनियादी ढांचे, कृषि, सिंचाई और वित्तीय समावेशन जैसे क्षेत्रों में अच्छी प्रगति की है। केंद्रीय मंत्री ने चंबा जिले के विकास से जुड़ी एक समीक्षा बैठक में भाग लिया।

### निशिकांत दुबे के बयान से बीजेपी ने पल्ला झाड़ा, नड्डा ने सांसदों को दी चेतावनी

*भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट पर टिप्पणी करके नया विवाद खड़ा कर दिया। अब पार्टी ने उनकी टिप्पणियों से खुद को अलग कर लिया है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इन टिप्पणियों को सांसद के निजी विचार बताते हुए खारिज कर दिया है। साथ ही नड्डा ने उन्हें भविष्य में इस तरह के बयान न देने की भी हिदायत दी है। नड्डा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा का न्यायपालिका एवं देश के चीफ जस्टिस पर दिए गए बयान से भारतीय जनता पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है। यह इनका व्यक्तिगत बयान है, लेकिन भाजपा ऐसे बयानों से न तो कोई इत्तेफाक रखती है और न ही कभी भी ऐसे बयानों का समर्थन करती है। भाजपा इन बयान को सिरे से खारिज करती है। नड्डा ने यह भी कहा कि उन्होंने दोनों नेताओं और अन्य लोगों को ऐसी टिप्पणियां न करने का निर्देश दिया है।*

## जम्मू-कश्मीरः रामबन में भारी बारिश के बाद भूस्खलन से तबाही, तीन की मौत

जम्मू (एजेंसी)।

**जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में रातभर हुई भारी बारिश के कारण अलग-अलग जगहों पर अचानक बाढ़ आ गई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। इस आपदा ने इलाकों में भूस्खलन और ओलावृष्टि भी की, जिससे बुनियादी ढांचे और संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचा है।**

स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीम ने राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है और नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की है।



रामबन जिले में भारी बारिश और ओलावृष्टि के बाद भूस्खलन के कारण कई इमारतें और वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सामने (शेष पेज 2 पर)

### हिन्दुओं पर हमले राजनीतिक प्रायोजित हिंसाः साध्वी प्राची

बरेली (एजेंसी)। विश्व हिंदू परिषद की फायरब्रांड नेता साध्वी प्राची ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं के साथ हो रहे अत्याचार कोई संयोग नहीं बल्कि एक गहरी साजिश का हिस्सा हैं, जिसमें राज्य सरकार की भूमिका संदिग्ध है। साध्वी प्राची ने हिन्दुओं पर हो रहे हमलों को 'राजनीतिक

### हेराल्ड के झूठे मुकदमों में उलझा रही है सरकार : खड़गे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सरकार जिस नेशनल हेराल्ड मामले में झूठे मुकदमे लगाकर कांग्रेस नेतृत्व को उलझा रही है इसी अखबार को पंडित जवाहर लाल नेहरू ने देश की आजादी की लड़ाई के लिए शुरू किया था। खड़गे ने रविवार को ट्वीट कर कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने नेशनल हेराल्ड की शुरुआत की थी। इसके अलावा, नवजीवन अख़बार और कौमी आवाज़ भी शुरू किया गया था। इन अख़बारों को शुरू करने का मकसद देश को आजाद कराना, देश की जनता को जागरुक करने और लोगों की आवाज अंग्रेजी हुकूमत तक पहुंचाने का था। उन्होंने कहा कि आरएसएस व भाजपा के लोग षडयंत्र करने में माहिर (शेष पेज 2 पर)

## एसवाई कुरैशी निर्वाचन आयुक्त नहीं बल्कि मुस्लिम आयुक्त थेः निशिकांत



**रांची (एजेंसी)। भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ. एसवाई कुरैशी पर मुस्लिम आयुक्त होने का आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया है।**

निशिकांत दुबे ने पूर्व चुनाव आयुक्त पर लगाए आरोप, कहा- झारखंड में घुसपैठियों को आपके कार्यकाल में वोटर बनाया गया। दुबे ने अपने पोस्ट में कुरैशी के एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें कुरैशी ने वक्फ कानून को सरकार की ऐसी योजना बताया था, जो मुस्लिम जमीनों को हड़पने के लिए बनाई गई है। दुबे ने कुरैशी पर झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में उनके कार्यकाल के दौरान बांग्लादेशी घुसपैठियों को मतदाता बनाने का आरोप लगाया। असल में 17 अप्रैल को पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त कुरैशी ने एक एक्स पोस्ट में लिखा था कि यह वक्फ कानून निश्चित रूप से मुस्लिमों की जमीन हड़पने की सरकार की एक (शेष पेज 2 पर)

**स्पेशल खबर** *भाजपा-कांग्रेस की तरह सपा भी दलितों-बहुजनों की ....*

## सच्ची हितैषी कभी नहीं हो सकती : मायावती

लखनऊ (एजेंसी)।

**बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट के माध्यम से सपा पर कांग्रेस और भाजपा की तरह दलितों और बहुजनों के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है।**



उन्होंने सपा की कथित जातिवादी नीतियों और विश्वासघात की घटनाओं का जिक्र करते हुए बसपा के समतामूलक समाज स्थापित करने के मिशन को रेखांकित किया। मायावती ने पोस्ट में लिखा कि कांग्रेस, भाजपा आदि की तरह सपा भी बहुजनों में से खासकर दलितों को इनका संवैधानिक हक देकर इनका वास्तविक हित, कल्याण व उत्थान करना तो दूर, इनकी गरीबी, जातिवादी शोषण व अन्याय-अत्याचार आदि खत्म करने के प्रति कोई सहानुभूति/इच्छाशक्ति नहीं है, जिस कारण वे लोग मुख्यधारा से कोसों दूर हैं। मायावती ने आगे कहा कि सपा द्वारा बीएसपी से विश्वासघात किया गया, उसके नेतृत्व पर 2 जून को जानलेवा हमला, प्रमोशन में आरक्षण का बिल संसद में फाड़ना, इनके संतों, गुरुओं व महापुरुषों के सम्मान में बनाए गए नए जिले, पार्क, शिक्षण व मेडिकल कॉलेजों का नाम बदलना आदि ऐसे घोर जातिवादी कृत्य हैं, जिसको माफ करना असंभव है। मायावती ने कहा कि इन पार्टियों के विपरीत बीएसपी अपने अनवरत प्रयासों से यहां जातिवादी व्यवस्था को खत्म करके समतामूलक समाज अर्थात सर्वसमाज में भाईचारा बनाने के अपने मिशन में काफी हद तक सफल रही है।

